मन में राम बासले बोलो राम जय जय राम

बोलो राम जय जय राम बोलो राम
भोले राम आजा राम भोले राम

जनम सफल होगा रे बन्दे मन में राम बसाले
हे राम नाम के मोती को सांसो की माला बनाले
मन में राम बसाले भोले राम आजा राम भोले राम

रामपतित पावन करुना कर और सदा सुख दाता
सरस सुहावन अति मन भावन राम से प्रीत लगाले
मन में राम बसाले भोले राम आजा राम भोले राम

मोह माया है झुटा बन्धन त्याग उसे तू प्राणी
राम नाम की ज्योत जलाकर अपना भाग्य जगाले
मन में राम बसाले भोले राम आजा राम भोले राम

राम भजन में डूब के अपनी निर्मल कर दे काया
राम नाम से प्रीत लगाके जीवन पार लगाले
मन में राम बसाले भोले राम आजा राम भोले राम

बोलो राम जय जय राम बोलो राम
भोले राम आजा राम भोले राम